लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 10 January 2023

TOI PAGE 2

LU to set up medals for depts which do not award any

Times News Network

FOR ACADEMIC EXCELLENCE

188 Total medals conferred by LU

LU-constituted medals | 15 (Chancellor's, Dr Chakravarti and Vice-Chancellor's gold medals, two Chancellor's silver medals and 10 Chancellor's bronze medals)

Sponsored medals | 173 (sponsored by people in memory of their loved ones)

Lucknow: Lucknow University is likely to constitute medals for nine of its departments which are yet to start awarding its meritorious students.

The university authorities have asked such departments to send a proposal in accordance with which course wise undergraduate and postgraduate medals can be awarded.

Every year meritorious students eagerly look forward to the convocation ceremony to get medals for their hard work but there are around nine departments out of 47 in which the best-performing students do not get a medal as there is no sponsored or LU constituted medal for students of the respective department.

These departments are geography, physical education, computer science, library and information science, Jyotir Vigyan, engineering, women's studies, linguistic and home science, library science. LU confers a total of 188 medals of which around 15 medals that include three gold medals, two silver and bronze medals are constituted by LU while the remaining 173 medals given to students for scoring highest in different categories are the sponsored ones which have been constituted by people in memory of their loved ones.

"There are many courses offered by departments that don't have any medals. For example, a student pursuing BA (geography) may get a medal in the overall category, say for scoring highest in BA or Arts faculty but if he or she doesn't qualify for these medals then despite being the highest scorer in their geography department he or she will not get a medal," said an LU official.

Similarly, LU's engineering students are doing well in academics and in the industry but they don't have a medal for being the highest scorer of their respective courses.

"We have decided to give medals to every student who is a topper in their respective course. In departments that don't have medals, LU will constitute one," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

PRERNA UDGHOSH PAGE 4

अंतर छात्रावास प्रतियोगिता उत्सव-2023

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू अंतर छात्रावास फेस्ट 23 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतर छात्रावास कॉम्पिटिशन फेस्ट 2023 का आयोजन 23 से 28 जनवरी तक होगा। इस फेस्ट में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं को तीन भागों सांस्कृतिक, शैक्षिक व खेलकूद में रखा गया है। इसमें विश्विद्यालय के दोनों परिसर के समस्त छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थी भाग लेंगे। शैक्षणिक कार्यक्रमों में वाद-विवाद, एक्स्टेम्पोर, जेएएम, क्विज, ऐतिहासिक कनेक्ट, इनोवेशन ऑफ स्ट्रीम और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं शामिल हैं। फोटोग्राफी, रंगोली, मिमिक्री, कविता, सोलो डांस भी होगा।

प्रॉक्टरों की टीम ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, एडिशनल प्रॉक्टर डॉ. ओपी शुक्ला व हॉस्टल टीम के अन्य सदस्यों ने सोमवार को हबीबुल्लाह, कैलाश और गोल्डन जुबिली हॉल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अंत:वासियों से विभिन्न मुद्दों पर बात की। उन्होंने सभी की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन भी दिया। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने इसके साथ ही 23 जनवरी से आयोजित इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट के बारे में भी सूचना दी।

एलयू: मानद उपाधि के लिए नाम भेजे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ... वाइस चांसलर एवं चक्रवर्ती गोल्ड मेडल समेत 188 मेडल दिए जाने हैं।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : दीक्षांत में मिलेगा नए छात्रावास का तोहफा

न्यू कैंपस में 200 की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल बनकर तैयार

माई सिटी रिपोर्टर

इंटर हॉस्टल फेस्ट का आयोजन 23 से होगा

माई सिटी रिपोर्टर

ये होंगे प्रमुख आयोजन

विधि छात्रों की इंटर्नशिप का भी होगा मूल्यांकन

माई सिटी रिपोर्टर

जनवरी के अंत में परीक्षाएं

चीफ प्रोवोस्ट ने हॉस्टल का किया निरीक्षण

NBT PAGE 6

एलयू के तर्ज़ पर नैक मूल्यांकन की तैयारी में जुटा केजीएमयू

संस्थान के आमंत्रण पर केजीएमयू पहुंचे एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार ने कई सुझाव दिए।

■ एनबीटी सं., लखनऊ : केजीएमयू ने नैक मूल्यांकन में टॉप ग्रेड हासिल करने के लिए एलयू के तर्ज़ पर तैयारी शुरू कर दी है। एक्सपर्ट सलाह के लिए केजीएमयू ने एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय को आमंत्रित किया था। एलयू वीसी सोमवार को केजीएमयू पहुंचे और आईक्यूएसी सदस्यों की बैठक में नैक से जुड़ी तैयारियों को साझा किया।

परिसर का लिया जायजा

प्रो. आलोक कुमार राय व केजीएमयू वीसी प्रो विपिन पुरी समेत आईक्यूएसी के सदस्यों ने परिसर का जायजा भी लिया। लाइब्रेरी पहुंच किताबों के संग्रह से लेकर म्यूजियम व ऑटोमेशन से जुड़ी चीजों को देखा। एलयू वीसी ने लाइब्रेरी और बेहतर करने के लिए कई सुझाव दिए।

इसके अलावा लैब व केजीएमयू में हो रही बेस्ट प्रैक्टिसेज को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने की सलाह भी दी। नैक मूल्यांकन के लिए अगले माह टीम केजीएमयू आएगी। 2 से 4 फरवरी के बीच नैक की टीम संस्थान के विभागों का दौरा करेगी। टीम के सामने प्रस्तुति देने की तैयारी चल रही है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया अब ऑनलाइन

एचएमएस एप के छात्रावास प्रबंधन प्रणाली में आएगी पारदर्शिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अंतर छात्रावास प्रतियोगिता 23 से

नैक मूल्यांकन के लिए केजीएमयू को लविवि कुलपति ने दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

तीन फरवरी को केजीएमयू पहुंचेगी नैक टीम

लाइब्रेरी और प्रयोगशाला पर होगा फोकस

अभी ए ग्रेड, आगे ए डबल प्लस की चाहत

i-NEXT PAGE 4

जनवरी लास्ट में सेमेस्टर एग्जाम

इंटर्नशिप के बाद होगा विद्यार्थियों का वायवा

LUCKNOW (9 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध विधि कॉलेजों में पढ़ने वाले एलएलबी प्रथम, तृतीय, पांचवें, सातवें, नवें, और एलएलएम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित हैं. इसी आधार पर विधि कॉलेजों को अपने यहां पाठ्यक्रम पूरा कराना होगा. यह निर्देश सोमवार को विधि संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने कालेजों के साथ हुई बैठक में दिए.

आयोजित की गई बैठक

दोपहर दो बजे विधि संकाय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें करीब 20 विधि कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि शामिल हुए. संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि कॉलेजों को प्रस्तावित परीक्षाओं के विषय में बताया गया है ताकि वह समय से कोर्स पूरा कराएं.

एलयू वीसी ने दिए केजीएमयू को रैंकिंग में सुधार के टिप्स

LUCKNOW (9 Jan): केजीएमयू अपनी नैक रैंक में सुधार लाने के लिए अब एलयू की भी मदद लेगा. इसी के तहत सोमवार को वीसी डॉ. बिपिन पुरी ने एलयू वीसी प्रो. आलोक राय के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए.

2 से 4 फरवरी तक रहेगी टीम

केजीएमयू में 2-4 फरवरी को नैक की टीम निरीक्षण के लिए आ रही है. जिसको लेकर संस्थान में साफ-सफाई से लेकर रंग-रोगन और सड़क तक बनाई जा रही हैं. अभी केजीएमयू के पास नैक का ए ग्रेड है. पर एलयू की तरह ए डबल प्लस रैंकिंग हासिल करने के लिए तैयारी चल रही है. उसी के तहत एलयू वीसी आलोक कुमार राय ने केजीएमयू में अफसरों के साथ बैठक की. केजीएमयू वीसी डॉ. बिपिन पुरी ने बताया कि एक प्रजेंटेशन दिया गया. इसके अलावा वो लाइब्रेरी, पीडियाट्रिक और एनाटमी विभाग में गये.

AMRIT VICHAR PAGE 4

हॉस्टलों का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह एवं हॉस्टल टीम के अन्य सदस्यों ने सोमवार को हबीबुल्लाह, कैलाश एवं गोल्डेन जुबिली हॉल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अंतःवासियों से विभिन्न मुद्दों पर सामूहिक वार्तालाप किया। इसके अतिरिक्त 23 जनवरी से शुरू हो रहे अंतर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

DAINIK JAGRAN PAGE 4

प्रो. आलोक राय पहुंचे केजीएमयू, नैक तैयारियों पर दिए सुझाव

जासं, लखनऊ: नैक के निरीक्षण की तैयारियों में जुटे किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय को बेहतर सुझाव देने के लिए सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. आलोक कुमार केजीएमयू पहुंचे। यहां पर उन्होंने नैक की तैयारी कर रही टीम से मिलकर कई सुझाव दिए।

केजीएमयू में दो से चार फरवरी तक नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) की टीम का निरीक्षण होना है। वर्तमान में केजीएमयू के पास नैक की ए ग्रेडिंग है। अब ए प्लस प्लस ग्रेड के लिए केजीएमयू भी कई महीनों से तैयारियां कर रहा है। इस कड़ी में लवि को नैक की ए प्लस प्लस ग्रेडिंग वर्ष 2022 में प्राप्त हो चुकी है। ऐसे में केजीएमयू को सुझाव देने के लिए प्रो. आलोक राय ने केजीएमयू परिसर का निरीक्षण किया, साथ ही कई सुझाव भी दिए। प्रो. आलोक में प्रयोगशालाओं और लाइब्रेरी को बेहतर प्रस्तुतीकरण पर जोर देने का सुझाव दिया।

> प्रो. आलोक राय ने नैक तैयारियों पर परिसर का निरीक्षण किया है। साथ ही अपने अनुभव के आधार पर कई बातें भी बताई हैं। इससे हम बेहतर प्रस्तुतिकरण दे सकेंगे।
>
> –डा. बिपिन पुरी, कुलपति, केजीएमयू

विद्यार्थियों की इंटर्नशिप का होगा मूल्यांकन

JAGRAN CITY PAGE III

200 बेड के नए छात्रावास की सौगात

लवि के दीक्षा समारोह में कुलाधिपति करेंगी लोकार्पण, कर्मियों के लिए फ्लैट तैयार

क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग की तैयारी शुरू

दीक्षा समारोह में मानद उपाधि के लिए भेजे तीन नाम

PIONEER PAGE 3

छात्रों को इंटर्नशिप करने के बाद बताना होगा अपना अनुभव

एलएलबी तीसरे व पांचवें सेमेस्टर में 21 से 30 दिन की इंटर्नशिप होगी अनिवार्य

डॉ संजय सिंह व अनूप जलोटा में एक को मिल सकती है मानद उपाधि

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

इंटर हॉस्टल कंपटीशन फेस्ट 23 से

हबीबुल्लाह, कैलाश और गोल्डन जुबिली हॉल का औचक निरीक्षण

LU के मार्गदर्शन में नैक ग्रेडिंग सुधारने की कवायद

VoL PAGE 5

लविवि अनूप जलोटा को दे सकती है मानद उपाधि

इंटर हॉस्टल प्रतियोगिता 23 जनवरी से होगी

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

23 जनवरी से होगी अंतर छात्रावास प्रतियोगिता

सुभाष छात्रावास में शुभारंभ और मालवीय हॉल में होगा समापन

एलयू के छात्रावासों का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। सोमवार को एलयू के चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, एडिशन प्रॉक्टर डॉ. ओ पी शुक्ला एवं हॉस्टल टीम के अन्य सदस्यों ने हबीबुल्लाह हाल, कैलाश हाल एवं गोल्डेन जुबिली हाल का औचक निरीक्षण किया एवं सभी अंतःवासियों से विभिन्न मुद्दों पर सामूहिक वार्तालाप किया। इसके अलावा आगामी इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट के बारे में सूचना जानकारी दी।